प्रश्न-अभ्यास
(पाठ्यपुस्तक से)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

(i) मानचित्र के तीन घटक कौन-कौन से हैं?
उत्तर मानचित्र के तीन घटक हैं-दूरी, दिशा और प्रतीक।

(ii) प्रधान दिग्बिंदु कौन-कौन से हैं?
उत्तर चार मुख्य दिशाओं को उत्तर, दक्षिण, पूर्व एवं पश्चिम को प्रधान दिग्बिंदु कहा जाता है।

(iii) मानचित्र के पैमाने से आप क्या समझते हैं?
उत्तर पैमाना स्थल पर वास्तविक दूरी तथा मानचित्र पर दिखाई गई दूरी के बीच का अनुपात होता है।

(iv) ग्लोब की अपेक्षा मानचित्र अधिक सहायक होते हैं, क्यों?
उत्तर जब हम पृथ्वी के केवल एक भाग; जैसे-अपने देश, राज्यों, शहरों तथा गाँवों के विषय में अध्ययन करना चाहते हैं तो ग्लोब की अपेक्षा मानचित्र हमारे लिए ज्यादा उपयोगी साबित होता है।

(v) मानचित्र एवं खाका के बीच अंतर बताएँ।
उत्तर मानचित्र एवं खाका में अंतर

मानचित्र	खाका
(a) यह पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। (b) मानचित्रों से बहुत ज्यादा जानकारियाँ प्राप्त होती हैं। (c) इसमें रूढ़ प्रतीकों का प्रयोग किया जाता है।	(a) यह एक छोटे क्षेत्र का बड़े पैमाने पर खींचा गया रेखाचित्र है। (b) वे जानकारियाँ मिलती हैं जिन्हें हम कभी-कभी जानना चाहते हैं। (c) इसमें लंबाई एवं चौड़ाई का प्रयोग किया जाता है।

(vi) कौन-सा मानचित्र विस्तृत जानकारी प्रदान करता है?
उत्तर बड़े पैमाने वाला मानचित्र विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

(vii) प्रतीक किस प्रकार मानचित्रों के अध्ययन में सहायक होते हैं?
उत्तर किसी भी मानचित्र पर वास्तविक आकार एवं प्रकार में विभिन्न आकृतियों; जैसे-भवनों, सड़कों, पुलों, वृक्षों रेल की पटरियों इत्यादि को दिखाना संभव नहीं होता है। अतः इन्हें अनेक प्रतीक (चिह्नों) द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। ये प्रतीक कम स्थान में अधिक जानकारी प्रदान करते हैं। इन प्रतीकों के इस्तेमाल के द्वारा मानचित्र को आसानी से खींचा जा सकता है तथा इनका अध्ययन करना आसान होता है।

2. सही उत्तर चिह्नित (✓) कीजिए।

(i) वृक्षों के वितरण को दिखाने वाले मानचित्र हैं

(क) भौतिक मानचित्र
(ख) थिमैटिक मानचित्र
(ग) राजनीतिक मानचित्र

(ii) नीले रंग का इस्तेमाल किसे दिखाने में किया जाता है

(क) जलाशयों
(ख) पर्वतों
(ग) मैदानों

(iii) दिक्सूचक का उपयोग किया जाता है

(क) प्रतीकों को दिखाने के लिए।
(ख) मुख्य दिशा का पता लगाने के लिए।
(ग) दूरी मापने के लिए

(iv) पैमाना आवश्यक है

(क) मानचित्र के लिए।
(ख) रेखाचित्र के लिए
(ग) प्रतीकों के लिए।

उत्तर

1. **(ख)** थिमैटिक मानचित्र
2. **(क)** जलाशयों।
3. **(ख)** मुख्य दिशा का पता लगाने के लिए
4. **(क)** मानचित्र के लिए।